डेयरी विकास के लिये मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

चर्चा में क्यों

14 जून, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून सचिवालय में गन्ना विकास, पशुपालन, डेयरी विकास व मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में राज्य में डेयरी विकास के लिये 600 बहुउद्देश्यी दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना करने के निर्देश दिये हैं।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उच्च गुणवत्ता की ऊन देने वाली मेरीनो भेड़ों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिसके लिये जल्द ही ऑस्ट्रेलियन बीडर के साथ एमओयू किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने राज्य में चारे की कमी के दृष्टिगत 20 फोडर एफपीओ के गठन, दुग्ध समितियों के क्लस्टर में 50 दुग्ध उत्पादक सेवा केंद्रों की स्थापना, 16 बदरी गाय ग्रोथ सेंटर की स्थापना के निर्देश दिये।
- उन्होंने दुग्ध समिति तथा दुग्ध संघ के कार्यों का ऑटोमेशन करने, पर्वतीय क्षेत्रों में सामुदायिक भूमि पर 10 लाख चारा पौधों का रोपण कर चारे की कमी की समस्या को हल करने, उत्तराखंड की समस्त दुग्ध समितियों तथा समस्त दुग्ध संघों को लाभ में लाने के लिये लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के निर्देश दिये।
- गन्ना विकास विभाग को बाजपुर व किच्छा चीनी मिलों के आधुनिकीकरण, गन्ना बीज बदलाव, जीपीएस के माध्यम से गन्ना सर्वेक्षण का कार्य तथा प्रदेश में जैविक गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गए।
- उन्होंने मत्स्य पालन के लिये 468 हेक्टेयर नए जल क्षेत्रों के विस्तार, 863 नए ट्राउट रेसवेज के निर्माण, 33000 टन मत्स्य उत्पादन और 80 लाख वार्षिक ट्राउट मत्स्य बीज उत्पादन के लक्ष्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिये।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-s-big-announcement-for-dairy-development